# <u>वार्षिक - रिपोर्ट सत्र 2025-26</u>

# <u>मुख्यमंत्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली</u>

## इतिहास :

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली जिला कांगड़ा हि0 प्र0 का इतिहास काफी पुराना है , आज हमारे इस विद्यालय के 107 वर्ष हो चुके है | अप्रैल 1918 ई0 से इस विद्यालय की स्थापना हुई | इस विद्यालय की भूमि स्वर्गीय रायबहादुर मोहन लाल जी द्वारा व भवन निर्माण का कार्य स्वर्गीय लाला भोलू मल व स्वर्गीय लाला मेला राम तथा स्वर्गीय वहादुर जोधामल कुठियाला जी द्वारा दी गई दान राशि के सहयोग से पूर्ण हुआ | उस समय स्वर्गीय रामचंद अरोड़ा विद्यालय के प्रथम मुखिया थे | 1924 ई0 मे स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा इस का नाम एस0 ए0 एस0 माध्यमिक विद्यालय रखा गया | तब भोला नाथ इस विद्यालय के मुख्याध्यापक रहे | 1934 ई0 में स्वर्गीय मेला राम व भोलू राम जी के प्रयास से यह विद्यालय स्तरोन्नत हुआ व उच्च विद्यालय बना | तब इसका नाम Sood Anglo Sanskrit High School पड़ा | उस समय स्वर्गीय कुन्दन लाल तलवार इस विद्यालय के प्रथम मुख्यध्यापक रहे | 1959 ई0 तक यह विद्यालय स्कूल प्रबंधन समिति के सहयोग से चलता रहा | फिर इसे पंजाब बोर्ड ने अपने अधीन ले लिया | 1957 ई0 में स्तरोन्नत होकर यह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बना | 1968-70 /1970-72 तक यहाँ लड़कों के दो JBT batches भी हुए | 1986 ई0

में यह विद्यालय स्तरोन्नत हुआ व इसका नाम Senior Secondary School पड़ा | इस विद्यालय को उन्नति के चरम मुकाम तक पहुंचाने मे सूद समुदाय का भरपूर सहयोग रहा है|

**प्रात: कालीन सभा** : हमारे विद्यालय में इस समय 275 के लगभग छात्र - छात्राओं की संख्या है | यहाँ छात्र - छात्राओं को चार सदनों जैसे , रानी लक्ष्मीबाई सदन , सुभाष सदन , कल्पना चावला व बिक्रमबत्रा सदन में बांटा गया है | प्रात: कालीन सभा में बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए जैसे : सामान्य ज्ञान ,योगा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है |

**शैक्षणिक उपलब्धियां :** हमारे विद्यालय का सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा है | दसवीं व बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं में हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है । दसवीं के बोर्ड में अंशुल शेरिया सुपुत्र श्री जोगिंदर सिंह का आठवां स्थान रहा व 689/ 700 अंक प्राप्त किए । अक्षिता दियोल सुपुत्री श्री रमेश कुमार ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 12 वां स्थान 685/ 700 अंक लेकर प्राप्त किया। विद्यालय में तृतीय स्थान पर 672 / 500 अंक लेकर अर्षित सुपुत्र श्री सुरेंद्र कुमार रहे।

12वीं कक्षा की मेडिकल संकाय में प्रथम स्थान पर अंशिका राणा 464/500 92.8 प्रतिशत दूसरे स्थान पर आस्था शर्मा 442/500 88.4% व शगुन शर्मा 421/500 84.02% तृतीय स्थान पर रही।

नॉन मेडिकल संकाय में सुमेधा गौतम 452/500 90.4% प्रथम स्थान पर, दूसरे स्थान पर पलक ठाकुर 447/500 89.4% व अभिनव ठाकुर व आरुषि 417/500 83.4 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे।

वाणिज्य संख्या में प्रथम स्थान पर निखिल धीमान 438/500 87.6 प्रतिशत दूसरे स्थान पर श्रेयस शर्मा 437/500 87.4% व शायना शर्मा 428/500 85.6% तीसरे स्थान पर रही।

कला संकाय में प्रथम स्थान पर अर्शिया 421/500 84.2% दूसरे स्थान पर हीना डोगरा 376/500 75.2% व तीसरे स्थान पर स्पर्श कौंडल 372/500 74.4% अंक प्राप्त किये |

10वीं कक्षा में 28 विद्यार्थियों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए |

12वीं कक्षा में कला संकाय में 70% से ऊपर 14 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में 10 विद्यार्थियों ने 70% से ऊपर अंक प्राप्त किया। मेडिकल संकाय में 18 विद्यार्थियों ने 70% से ऊपर अंक प्राप्त किए। नॉन मेडिकल में 28 विद्यार्थियों ने 70% से ऊपर अंक प्राप्त किए।

**उपलब्धियां**: हमारे विद्यालय के नवमी कक्षा के साहिल मेहरा , नवनीत धीमान व मयंक तीनों छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर छात्रवृत्ति परीक्षा (NMMS) उतीर्ण कर ₹1000 प्रति माह छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे है | |हमारे विद्यालय के कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का अच्छे शैक्षणिक संस्थाओं के लिए चयन भी हुआ है जिसमें सिमरनजीत कौर डॉक्टर रेड्डी लैब के लिए चयनित हुई है। इस वर्ष हमारे विद्यालय के कला संकाय की अविका शर्मा व ऋषित ठाकुर एक भारत श्रेष्ठ भारत

अभियान के अंतर्गत केरल भ्रमण पर राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के संयोजन से गए थे | इसी अभियान के तहत 11वीं मेडिकल की अक्षिता दियोल आज ही केरल भ्रमण के लिए जा रही है |

**खेलकूद उपलब्धियां :** खेलों के क्षेत्र में भी हमारे विद्यार्थियों ने नाम रोशन किया। इस बार अंदर-19 बॉयज जिला स्तरीय माइनर खेलकूद प्रतियोगिताएं हमारे विद्यालय में हुई | खंड स्तरीय अंडर 14 छात्र-छात्राओं की ट्रायल प्रतियोगिताएं भी हुई|

हमारे विद्यालय के अंडर- 14 के पांच छात्र व छात्राओं ने खंड स्तर व जिला स्तर पर कबड्डी व बैडमिंटन तथा दो छात्राओं ने राज्य स्तरीय कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें हर्ष, मनीष नमित, पार्थ , कनिका व हिमानी रहे । अंडर-19 छात्रों की खंड स्तरीय व जिला स्तरीय खेलकूद कबड्डी, वालीबाल व बैडमिंटन में पांच छात्रों ने भाग लिया। जिला स्तरीय अंडर-19 सांस्कृतिक भाषण प्रतियोगिता में 12वीं कला संकाय की अविका शर्मा ने चौथा स्थान प्राप्त किया। हमारे विद्यालय में थैला मुक्त दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इन सभी उपलब्धियां के लिए हमारे विद्यालय के विद्यार्थी व समस्त स्टाफ सदस्य बधाई के पात्र हैं |

हमारे विद्यालय में NSS, NCC, स्काउट एंड गाइड इकाई व इको क्लब भी है | NSS के प्रभारी श्री अश्वनी कुमार प्रवक्ता अर्थशास्त्र व श्रीमती सपना देवी प्रवक्ता गणित है। NCC के प्रभारी श्री दीपक धीमन प्रवक्ता C.S है व स्काउट एंड गाइड के प्रभारी कुमारी रिचा शर्मा प्रवक्ता हिंदी व श्री विशाल सूद प्रवक्ता राजनीति विज्ञान है। इको क्लब

के प्रभारी श्रीमती पूजा धीमान टीजीटी मेडिकल है। इन इकाई के बच्चों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है | NSS इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 28-10- 2025 से 03-11-2025 तक आयोजित किया गया | जिसमें 65 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) इकाई में कुल 75 कैडेट्स पंजीकृत है | इनमें से द्वितीय वर्ष के 30 कैरेट्स ने इस सत्र में भारतीय सेवा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय शिवर जो कि जवाहर नवोदय विद्यालय, पेखुबेला में हुआ वहा प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के दौरान कैडेट् उदय कट्नौरिया JD(Junior Division) मैं बेस्ट कैडेट चुना गया और विद्यालय का नाम रोशन किया।

**अन्य गतिविधियां :** विद्यालय की चारों इकाई NSS, NCC , S&G , Eco Club और Agriculture के विद्यार्थियों द्वारा पौधा रोपण व विशेष दिवस पर रेलिया द्वारा पंचायत क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया गया। हमारे विद्यालय में बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए यहां के दानी सजनों के दान स्वरूप अपार धनराशि प्रदान की है। इन्हीं दानी सज्जनों के सहयोग से लगभग ढाई लाख रुपए की लागत से 6 किलोवाट सौर ऊर्जा प्रणाली (Solar System) लगवाया गया। बच्चों के खेलने के लिए लगभग ₹50,000 की लागत से Trampoline (उछाल पट) लगवाई जाएगी। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध लगभग ₹3 लाख की लागत से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण भी किया जाएगा। आवारा पशुओं से बचाव हेतु सुरक्षा अभिभावकों के सहयोग से लगभग ₹25000 की राशि से Fencing (घेराबंदी) लगवाई गई। यह सभी दानी सज्जन अखंड शिक्षा ज्योति मेरे स्कूल से निकले मोती है। इनमें से दो मोतियों

ने तो हमारे विद्यालय को Adopt ( गोद) लिया है। जिसमे श्री रणजीत सिंह वर्मा जी सेवानिवृत डायरेक्टर फॉरेंसिक लैब चंडीगढ़ में निदेशक के पद पर रहे हैं। श्री नारायण जयप्रकाश जी CEO लिमिटेड कंपनी के हैं | उनकी उदारता के परिणामस्वरुप ही विद्यालय के संपूर्ण विकास में हमें मदद मिलती रहती है। इन सबके लिए हम सदैव इनके आभारी रहेंगे।

हिमाचल प्रदेश सरकार के माध्यम से हमारे विद्यालय को ड्रोन, रोबोटिक व अटल टिंकरिंग लैब प्रदान की गई है। जिससे हमारे विज्ञान में विषय के सभी छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं |

अंत में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि विद्यालय के चहुमुखी विकास में स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान श्री राजेश कुमार जी वह इस समिति के सभी सदस्यों का, सभी विद्यार्थियों के माता-पिता का, क्षेत्र के पंचायत प्रधानों, उप प्रधानों व दानी सज्जनों का समय-समय पर पूर्ण सहयोग रहा है। इन सभी का मैं तहे दिल से धन्यवाद करता हूं और भविष्य में भी इनके सहयोग की अपेक्षा करता हूँ |